(c) what steps have been or are proposed to be taken to remove those inhibiting factors?

THE MINISTER OF PETROLEUM AND CHEMICALS AND FERTILIZERS (SHRI H. N. BAHUGUNA): (a) and (b). Due emphasis has been laid on the on-shore exploration programme also. The ONGC is already conducting drilling operations in West Bengal, Tripura and Cachar. It has also undertaken drilling in the past in Uttar Pradesh and Srinagar Valley. Drilling in Krishna-Godavari basin and further drilling in Uttar Pradesh will commence shortly.

(c) Does not arise.

सरदार शहर से हनुमान गढ़ के लिये रेल लाइन

2753. **श्री दौलत राम सारण** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरदार शहर से बरास्ता रावत सर हनुमान गढ़ (राजस्थान) के लिए नई रेल लाइन के लिए कब से मांग की जा रही है ;

(ख) क्या रावत सर और पूरब सर के बीच स्थित क्षेत्र में जिप्सम खनिज के विपुल भण्डार हैं और वहां से ट्रकों में भर कर जिप्सम माल गाड़ियों में भर कर आगे भेजने के लिए प्रतिदिन हनुमान गढ़ रेलवे स्टेशन (जंक्शन) भेजा जाता है और यदि हां, तो वहां से प्रति मास कितना जिप्सम माल गाड़ियों में भर कर भेजा जा रहा है ;

(ग) क्या रावत सर भी उपजाऊ नहर क्षेत्र की एक अच्छी मण्डी है और क्या इस क्षेत्र की उपज के परिवहन के लिए कोई रेल लाइन नहीं है; और

(घ) क्या सरकार का विचार शीघ्र ही रेल लाइन बिछाने के लिए सर्वेक्षण करने का है और क्या इसके महत्व को देखते हुए इसे भावी योजना में सम्मिलित किया जायेगा ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण) : (क) रावत सर के रास्ते हनुमान गढ़ से पूरब सर तक रेलवे लाइन के विस्तार का एक प्रस्ताव 1971 में प्राप्त हुआ था और रावत सर के रास्ते हनुमानगढ़ को सरदार शहर के साथ जोड़ने का एक प्रस्ताव अभी हाल में प्राप्त हुआ है ।

(ख) राजस्थान के गंगानगर जिले में बूरसर और पूरबसर के पास के क्षेत्रों में थोड़ी सी मात्रा में जिप्सम के भंडार होने का पता चला है । हनुमान गढ़ में जिप्सम का औसत लदान 94 माल डिब्बे प्रतिमास होता है ।

(ग) जी हां ।

(घ) बहुत कम यातायात की सम्भावना को देखते हुए प्रस्तावित लाइन के लिए सर्वेक्षण करने का प्रस्ताव नहीं है ।

Jammu a Railway Junction

2754. SHRI BALDEV SINGH JASROTHA: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state whether it is under active consideration of his Ministry to make Jammu a railway junction by connecting Jammu to Punch via Akhnur or round about?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI SHEO NARAIN): No. However, a final location survey for extension of railway line from Jammu to Udhampur is in progress at present.

पश्चिम रेलवे प्रताप नगर डिवीजन में रेलगाड़ियां

2755. **श्री अमर सिंह राठवा** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पश्चिम रेलवे में प्रतापनगर डिवीजन में मीटर लाइन पर रेलगाड़ी प्रति